मुक्ति का कोई तु जतन कर ले

मुक्ति का कोई तु जतन कर ले,
रोज थोड़ा थोड़ा हरि का भजन कर लें......

भक्ति करेगा तो बड़ा सुख पायेगा,
भक्ति से आत्मा का मैल छुट जायेगा,
आत्मा के साथ साथ मन कर लें,
रोज थोड़ा थोड़ा.....

संगत कर अच्छे लोगों की,
दवा मिल जायेगी सब रोगों की,
जिन्दगी को अपनी चमन कर लें,
रोज थोड़ा थोड़ा......

जग के अंधेरे से बाहर निकलकर,
ये़ बन्दे तु हरि गुण गाकर,
आत्मा से हरि का मिलन कर लें,
रोज थोड़ा थोड़ा....

मुक्ति का कोई तु जतन कर ले,
रोज थोड़ा थोड़ा हरि का भजन कर लें......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32105/title/mukti-ka-koi-tu-jatan-kar-le

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |